

रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर रावणा राजपूत समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित लोककल्याणकारी नीतियों, विकासोन्मुखी योजनाओं तथा बजट घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमण्डल में जनप्रतिनिधिगण एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे। रविवार को ही एक अन्य कार्यक्रम में खटीक समाज का प्रतिनिधि मण्डल मुख्यमंत्री से मिला। प्रतिनिधिमण्डल में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधायक रमेश खींची सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## सुशीला कार्की ने अंतरिम प्रधानमंत्री का कार्यभार संभाला

काठमांडू, 14 सितम्बर। नेपाल की नव नियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को पदभार ग्रहण कर लिया।

प्रधानमंत्री कार्यालय एवं मंत्रिपरिषद का भवन हाल ही में आंदोलनकारियों की हिंसात्मक घटना में क्षतिग्रस्त हो गया था जिसकी वजह से गृह मंत्रालय भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार को कार्की को प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। कांतिपुर समाचार पत्र के मुताबिक कार्की ने कार्यभार संभालने से पहले लांचोर पुघेर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री कार्की ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद "जैन-ज़ैड" आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया और कहा कि आंदोलन में मारे गए लोगों को शहीद घोषित किया जाएगा।

# इज़रायली बमबारी से उत्तरी गाज़ा में 13 फिलिस्तीनी मारे गये

## लगातार हमलों से रोजाना हजारों लोग गाज़ा सिटी से पलायन कर रहे हैं

- **अल-जजीरा के हमज़ा मोहम्मद ने कहा कि गाज़ा सिटी इमारत दर इमारत, परिवार दर परिवार खाली होता जा रहा है। जल्द ही जो बचेगा वह एक शहर नहीं, बस एक शहर की याद बनकर रह जाएगा।**

गाज़ा, 14 सितंबर। इज़रायल की ओर से अंधाधुंध बमबारी में उत्तरी गाज़ा में रविवार को 13 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। गाजा सिटी से हर दिन हजारों फिलिस्तीनी भागने को मजबूर हो रहे हैं, जिसमें रोजाना दर्जनों नागरिक मारे जा रहे हैं। परिवार दक्षिण की ओर पलायन कर रहे हैं, जिसमें कई भीड़भाड़ वाले और कई बार निशाना बनाए जाने वाले अल-मवासी शिविर की ओर जा रहे हैं। अल-जजीरा की रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गई।

फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा के मुताबिक, इज़रायली सेना के लगातार हमलों के कारण शनिवार को छह हजार से ज्यादा लोग गाजा सिटी छोड़कर चले गए। हालांकि, करीबी नौ लाख फिलिस्तीनी अभी भी शहर में हैं, लेकिन यह संख्या तेजी से घट रही है। अल-जजीरा के हमजा मोहम्मद ने कहा, गाजा सिटी इमारत दर इमारत, परिवार दर परिवार खाली होता जा रहा है। जल्द ही जो बचेगा वह शायद एक शहर नहीं, बस एक शहर की याद बनकर रह जाएगा।

हमले के डर के कारण भागने वाले लोगों ने अपनी स्थिति के बारे में बताया। दक्षिण की ओर जा रहे एक फलस्तीनी खलील मतर ने कहा, हम चल ही रहे हैं। हमारे साथ बीमार लोग हैं और हमें नहीं पता कि कहां जाएंगे। कोई जगह सुरक्षित नहीं है।कई निवासियों ने कहा कि उनके पास कोई विकल्प नहीं है, इसलिए उन्होंने इस्राइल की निकासी चेतावनियों का पालन करते हुए अल-मवासी की ओर रुख किया है। हालांकि, जिसे सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है, उस शिविर से मिल रही रिपोर्ट में भारी भीड़ और खाने, पीने के पानी व आश्रय की गंभीर कमी की जानकारी दी गई है।

## राजनाथ सिंह ने नई रक्षा खरीद नियमावली को मंजूरी दी

नयी दिल्ली, 14 सितम्बर। रक्षा मंत्रालय ने सुधारों की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए राजस्व खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, सरल, सक्षम और युक्तिसंगत बनाने के लिए नयी रक्षा खरीद नियमावली 2025 को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यालय ने रविवार को बताया कि रक्षा मंत्री ने नयी नियमावली को मंजूरी दे दी है। बजट अनुमान 2025 में राजस्व खरीद का बजट लगभग एक लाख करोड़ रुपये है। नयी नियमावली रक्षा क्षेत्र मेंआत्म निर्भरता को बढ़ ावा देते हुए सेनाओं के लिए राजस्व खरीद में तेजी लाएगी, स्टार्टअप और एमएसएमई सहित भारतीय उद्योग को सरल प्रक्रियाओं के साथ सक्षम बनाने के साथ साथ नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ ावा देगी। इसमें सहायक वित्तपोषण विकल्प और अनावश्यक दंड में ढील देकर उद्योगों के सामने आने वाली कार्यशील पूंजी संबंधी समस्याओं को कम किया गया है। नयी नियमावली से उद्योग, शिक्षा जगत और सार्वजनिक क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा अनुसंधान और विकास को कई सक्षम प्रावधानों के साथ बढ़ ावा मिलेगा।

# अमृतसर मंदिर पर ग्रेनेड हमले के आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र पेश

## एनआईए की जाँच के अनुसार, विशाल गिल ने ग्रेनेड फेंका, मन्ना भट्टी व दीवान सिंह ने अभियुक्तों को शरण दी

- **एनआईए को अंदेशा है कि यह घटना भारत और विदेश में बैठे आतंककारी गुर्गों द्वारा रची गई एक बड़ी साजिश का हिस्सा है।**

नयी दिल्ली, 14 सितंबर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अमृतसर के एक मंदिर में ग्रेनेड हमला करने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है।

एनआईए की ओर से जारी विज्ञिप्त के अनुसार एनआईए ने शुक्रवार को मोहाली (पंजाब) की विशेष अदालत में दाखिल आरोपपत्र में विशाल गिल , भगवंत सिंह उर्फ मन्ना भट्टी और दीवान सिंह उर्फ सनी पर अमृतसर के छेहरटा स्थित ठाकुरद्वारा सनातन मंदिर पर हमले की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का आरोप लगाया है।

एनआईए के अनुसार विशाल गिल उन दो बाइक सवार हमलावरों में से एक था, जिन्होंने 15 मार्च, 2025 तड़के ग्रेनेड फेंका था। दूसरा हमलावर, गुरसिदक सिंह सिदकी हमले के दो दिन बाद पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था।

आरोप पत्र के अनुसार भगवंत सिंह उर्फ मन्ना भट्टी ने हमले से पहले और बाद में हमलावरों को आश्रय, ग्रेनेडों को सुरक्षित रूप से छुपाने, टोही के लिए मोटरसाइकिल और रसद सहायता प्रदान करके उनकी मदद की थी। दीवान सिंह उर्फ सनी पर सह-अभियुक्तों को शरण देने और सबूत नष्ट करने में उसकी भूमिका के लिए आरोपपत्र दाखिल किया गया है। एक अन्य प्रमुख आरोपी शरणजीत कुमार को एनआईए ने पांच सितंबर 2025 को बिहार के गया से गिरफ्तार किया था। उसके और विदेश में रह रहे फरार आरोपी बादलप्रीत सिंह के खिलाफ जांच कर रही है। एजेंसी की जांच में यूपीआई और एमटीएसएस चैनलों के माध्यम से विदेशी संचालकों से स्थानीय गुर्गों को आतंकी धन हस्तांतरित करने का भी पता चला है। इसकी भी जांच की जा रही है।

मामले में अन्य फरार आरोपियों की पहचान करने और हमले में शामिल आतंकी मॉड्यूल के अंतरराष्ट्रीय संबंधों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। एनआईए को अंदेशा है कि यह घटना भारत और विदेश में बैठे आतंकवादी गुर्गों द्वारा रची गयी एक बड़ी साजिश का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य लोगों में भय पैदा करना तथा पंजाब और देश के बाकी हिस्सों में सांप्रदायिक वैमनस्य भड़काना है।

## नेपाल जेल से फरार 4 कैदी भारतीय सीमा पर पकड़े गये

नैनीताल, 14 सितंबर। भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नेपाल जेल से फरार चार कैदियों को पकड़ा है। चारों भारतीय सीमा पर घुसपैठ कर रहे थे।

एसएसबी की 55वीं वाहिनी की ओर से साझा की गयी जानकारी के अनुसार एसएसबी के जवान शनिवार को सीमा पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान चार लोग देवताल क्षेत्र में रबर की ट्यूब से काली नदी को पार करते हुए भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश करते हुए दिखाई दिये। एसएसबी के जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों को घुसपैठ पकड़ लिया। इनमें से तीन कैदी बलात्कार जैसे गंभीर अपराध में जबकि चौथा हत्या के मामले में आरोपी है। नेपाल पुलिस ने इस बात की पुष्टी की है। चारों को एसएसबी ने हिरासत में ले लिया है। पिथौरागढ़ पुलिस की मौजूदगी में इनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

# व्यास नदी के किनारे बसे खैरी गाँव में वर्षा से तबाही

- **तीन घर उफनते नाले में डूबे, सड़कें बह गईं।**

सुजानपुर टीरा (हमीरपुर), 14 सितंबर। हिमाचल प्रदेश के सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में व्यास नदी के तट पर बसे खैरी गांव में शनिवार रात हुई भारी बारिश ने व्यापक तबाही मचाई जिससे क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

प्रभावित इलाके में बाढ़ के पानी और मलबे से सड़कें बह गयीं। किसानों के खेत जलमग्न हो गए और असंख्य घरों को नुकसान पहुंचा। कुछ घर पूरी तरह से मलबे में दब गए हैं। कई अन्य में दरारें पड़ गईं, जिससे लोगों में हड़कम्प मचा हुआ है। शनिवार की देर रात शुरू हुई बारिश कुछ ही घंटों में तेज हो गई, जिससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। तीन घर एक उफनते नाले के पानी में डूब गये जिससे निवासियों को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी।

रविवार सुबह तक ग्रामीणों ने तबाही का जायजा लिया। गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़कें टूट गईं हैं। सड़कों पर खड़े वाहन मलबे में दब गए और कई घरों को भारी नुकसान पहुंचा। स्थानीय लोग अब अधिकारियों से तत्काल राहत और पुनर्वास की मांग कर रहे हैं।

घटना की खबर मिलते ही स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के साथ समन्वय करके जेसीबी मशीनों से सड़कें और मलबा साफ करवाया। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा, "खैरी में बाढ़ से काफी नुकसान हुआ है। कई घर प्रभावित हुए हैं। सड़कें नष्ट हो गई हैं।

## दिल्ली में हथियार सप्लायर गिरफ्तार

नई दिल्ली, 14 सितंबर। दिल्ली को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में क्राइम ब्रांच की नॉर्थ रेंज-2 टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने एक कुख्यात हथियार सप्लायर, मो. शाजिद उर्फ राशिद और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं।

मुख्य आरोपी, 42 वर्षीय मो. शाजिद उर्फ राशिद, अशोक विहार के वज़ीरपुर जेजे कॉलोनी का रहने वाला है। उसके पास से 10 पिस्टल, 118 जिंदा कारतूस और 8 अतिरिक्त मैगज़ीन बरामद की गईं। वह कार में हथियार लेकर घूम रहा था, तभी उसे नेताजी सुभाष प्लेस इलाके से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में शाजिद ने खुलासा किया कि वह पिछले कई सालों से दिल्ली और एनसीआर के गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई कर रहा था। उसके ग्राहकों में नीरज बवानिया गैंग और अफसर गैंग जैसे बड़े नाम शामिल हैं। हथियारों की सप्लाई मेरठ और मवाना से की जाती थी।






राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600